छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Kanpur University, Kanpur)

Kalyanpur, Kanpur-208024

कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/3330 /2022 दिनांक : 29/10 /2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्व महाविद्यालय एवं परिसर स्थित संस्थान,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : सत्र 2021–22 की अन्तिम वर्ष में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के छात्र/छात्राओं की उपाधि निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित संस्थानों एवं सम्बद्व महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 में स्नातक एवं परास्नतक पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की उपाधि उनके पत्राचार के पते पर प्रेषित की जानी है। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा डाटा उपलब्ध कराया गया था, उसमें कतिपय छात्र/छात्राओं के हिन्दी के नाम व पत्राचार के पते में संशोधन अपेक्षित है, जिस हेतु महाविद्यालय का कॉलेज लॉगिन पर लिंक उपलब्ध कराया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आदेशानुसार अवगत कराना है कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं के हिन्दी का नाम व उपाधि प्रेषण हेतु पत्राचार के पते का पुनः अवलोकन करते हुए अपेक्षित संशोधन दिनांक 10.11.2022 तक करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डॉ. अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा विश्वविद्यालय के होम पेज पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक।

(डॉ0 सरस कपूर)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)